कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।

पत्रांक 2004 / एस0टी0 / 2021–22 दिनांक 30/12/2021

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
मुरादाबाद।

विषय :– **कक्षा–1 से कक्षा–5 एवं कक्षा–6 से कक्षा–8 तक की मान्यता हेतु आवेदन करने के लिये विद्यालय भवन नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र के संबंध में।**

कृ0 उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय पत्र सं0–वै0हा0 / 8835–37 / 2021–22 दिनांक 27–12–2021 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा श्री वाई0पी0 गुप्ता, ट्रस्टी, मुरादाबाद एजूकेशनल ट्रस्ट, 30न्यू सिविल लाइन्स, नगर क्षेत्र, मुरादाबाद का आवेदन पत्र जो कक्षा–1 से कक्षा–5 तथा कक्षा–6 से कक्षा–8 तक की अंग्रेजी मान्यता दिये जाने के सम्बन्ध में है, शासनादेश सं0–89 / अरसठ–3–2018–2041 / 2018 दिनांक 11 जनवरी, 2019 के क्रम मे इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है।

उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि इस कार्यालय के पत्र सं0–1471 / एस0टी0 / 2021–22 दिनांक 24–12–2021 के द्वारा अधि0 अभि0,सिंचाई, मुरादाबाद से उक्त विद्यालय का शासनादेश दि0 11–01–2019 के प्रस्तर–17 के क्रम में स्थलीय निरीक्षण कराया गया। उक्त क्रम में अधि0 अभि0,सिंचाई, मुरादाबाद ने अपने कार्यालय के पत्र सं0–4388 / सि0ख0मु0 / कैम्प दि0 28–12–2021 के द्वारा श्री वाई0पी0 गुप्ता, ट्रस्टी, मुरादाबाद एजूकेशनल ट्रस्ट, 30न्यू सिविल लाइन्स, नगर क्षेत्र, मुरादाबाद का स्थलीय सत्यापन उपरान्त नेशनल बिल्डिग कोड (N.B.C.)का प्रमाण पत्र इस कार्यालय में उपलब्ध कराया गया है।

अतः उक्त क्रम में अधि0 अभि0, सिंचाई, मुरादाबाद द्वारा श्री वाई0पी0 गुप्ता, ट्रस्टी, मुरादाबाद एजूकेशनल ट्रस्ट,30 न्यू सिविल लाइन्स, नगर क्षेत्र, मुरादाबाद के संबंध में उपलब्ध कराया गया एन0बी0 सी0 संबंधी प्रमाण पत्र आवेदन पत्र सहित आपको आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

मुख्य विकास अधिकारी,
मुरादाबाद।

प्रतिलिपि–श्री वाई0पी0 गुप्ता, ट्रस्टी, मुरादाबाद एजूकेशनल ट्रस्ट,30 न्यू सिविल लाइन्स, नगर क्षेत्र, मुरादाबाद को सूचनार्थ।

मुख्य विकास अधिकारी,
मुरादाबाद।

प्रेषक,

नरेश कुमार
अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, मुरादाबाद।

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी महोदय
मुरादाबाद।

पत्रांकः 4388 /सि0ख0मु0/कैम्प, दिनांकः 28/12/ 2021

विषयः–कक्षा–1 से कक्षा–5 एवं कक्षा–6 से कक्षा–8 तक की अंग्रेजी माध्यम की मान्यता हेतु आवेदन करने के लिये विद्यालय भवन नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।

संदर्भः–आपका पत्रांकः 1471/एस0टी0/2021–22,
दिनांक 24.12.2021

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें, जिसके द्वारा श्री वाई0पी0 गुप्ता, ट्रस्टी, मुरादाबाद एजूकेशनल ट्रस्ट, 30 न्यू सिविल लाईन्स, नगर क्षेत्र, मुरादाबाद से सम्बन्धित नेशनल बिल्डिंग कोड (N.B.C.) का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।

उक्त विद्यालय के भवन का निरीक्षण उपरान्त फोटोग्राफ एवं प्रमाण–पत्र संलग्न कर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय

28/12/21.

(नरेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

–: प्रमाण–पत्र :–

कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद के पत्रांकः 1471/एस0टी0/2021–22, दिनांक 24.12.2021 के द्वारा श्री वाई0पी0 गुप्ता, ट्रस्टी, मुरादाबाद एजूकेशनल ट्रस्ट, 30 न्यू सिविल लाईन्स, नगर क्षेत्र, मुरादाबाद का विद्यालय भवन का सुरक्षित होने का प्रमाण पत्र मांगा गया है, जो वर्तमान में ठीक एवं संतोषजनक है। विद्यालय भवन बाह्य रूप से देखने पर नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 सुरक्षामानकों के अनुरूप प्रतीत होता है।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, मुरादाबाद